## महत्वपूर्ण एवं खास

## छत्तीसगढिया क्रांति सेना के सुनील मिंज को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**» अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से की जा रही पतासाजी**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर दिनांक 16.01.2020 को में सेठीनगर चक्रधरनगर में रहने वाले दिलीप अग्रवाल द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि छत्तीसगढिया क्रांति सेना के लोग दिनांक 05.01.2020 को बोईरदादर चौक में खड़े होकर लाठी डंडा से लेस होकर स्थानीय आम नागरिकों के साथ इसे भी गाली गलौच कर जातपात के नाम पर अशोभनीय नारा लगाते, उपद्रव करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए थे और रैली निकाल कर धर्म, जाति एवं क्षेत्रविशेष को लेकर आपत्तिजनक अभ्रद टिप्पणी, गाली गलौच करते हुये शहर की शांति और सौहाद्र बिगाड़ने वैमनस्य व घृणा की भावना भड़काने का कार्य किया जा रहा है साथ ही लगातार फेसबुक में भी छत्तीसगढिया क्रांति सेना के संयोजक रवि तिवारी निवासी कोष्टापारा, सुनील मिंज निवासी संजयनगर, कमलेश सतनामी रायगढ संजीव दास रायगढ, ईश्वर प्रसाद साहू रायगढ, देव छत्तीसगढिया उर्फ देवेन्द्र देवांगन कोरबा व अन्य द्वारा इन सब गतिविधियों में इनके साथ है , प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध अप.क्र. 22/2020 धारा 153(क), 294, 506बी, 147, 148 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गत दिनों शहरवासियों द्वारा भी पुलिस अधीक्षक महोदय से भेंट कर छत्तीसगढिया क्रांति सेना के सदस्यों द्वारा सोशल साईट फेसबुक पर लोकशांति भंग करने संबंधी जानकारी दिया गया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को वैधानिक कार्यवाही करने बावत् निर्देशित किये थे। विदित है कि छत्तीसगढिया क्रांति सेना के अमित बघेल व अन्य के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर के अलावा थाना कोतवाली एवं खरसिया में भी अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय से प्राप्त दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर द्वारा उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी गिरफ्तारी के लिये थाने का स्टाफ नियुक्त कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखा जा रहा था कि आज मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक विवेक पाटले व उनके स्टाफ द्वारा आरोपी सुनील मिंज पिता अघन साय उम्र 32 वर्ष निवासी बैंक कालोनी चक्रधरनगर को फरार होने के पूर्व धर दबोचे जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण में धारा 201 भादंवि एवं 67 आई.टी. एक्ट का अपराध का घटित होना पाए जाने पर धारा विस्तारित किया गया है। आरोपी के अन्य साथी फरार है, जिनके पतासाजी के लिये स्टाफ सक्रिय है, शीघ्र फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जावेगा।

## छत्तीसगढ़ के मड्डाराम को सचिन तेंदुलकर ने भेजा पत्र के साथ किट

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के दोनों पैर से दिव्यांग बच्चे मड्डाराम कवासी के जज्बे से प्रभावित भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने इस बार पत्र के साथ क्रिकेट का किट भेजकर उसका मनोबल बढ़ाया है। सचिन तेंदुलकर ने अपने पत्र में मड्डाराम को लिखा है कि आप जिस तरह इस खेल का आनंद ले रहे हैं, उसे देखकर अच्छा लगा। ये क्रिकेट किट मेरी तरफ से आप और आपके दोस्तो के लिए प्यार भरी भेंट है। खेलते रहिए। श्री तेंदुलकर ने इससे पहले मड्डाराम को क्रिकेट खेलते हुए वायरल हुए विडियो को देखकर ट्वीट के जरिए उनके जज्बे की प्रशंसा की थी। मड्डाराम को भेंट में मिले क्रिकेट किट दो बल्ले के अलावा छह विकेट, बेल्स और गेंदों का बॉक्स शामिल है।

## उत्तर छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या बौछारे पड़ने की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में अगले 24 घंटे के दौरान एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारे पड़ने की संभावना है। स्थानीय मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में आज सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया।



## इस वर्ष राजपथ पर छत्तीसगढ़ की झांकी करेगी नेतृत्व

### गणतंत्र दिवस पर झांकी के साथ सांस्कृतिक दल करेंगे ककसार नृत्य का प्रदर्शन

**रायपुर। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर विभिन्न राज्यों व विभागों की ओर से निकलने वाली झांकियों में इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी नेतृत्व करेगी। शनिवार को राष्ट्रीय रंगशाला कैम्प में जनसंपर्क विभाग के आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने झांकी निर्माण का जायजा लिया।**

इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक दलों से भी मुलाकात की और उनका उत्साह वर्धन किया छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी अंचल नारायणपुर से आए आदिवासी कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही हे।

गौरतलब है कि नई दिल्ली के राजपथ पर इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी भी निकलेगी, राजपथ पर निकलने वाली विभिन्न राज्यों की झाँकियों के क्रम में में छत्तीसगढ़ राज्य की झाँकी का क्रम सबसे पहले होगा। छत्तीसगढ़ की झाँकी जिसमें प्रदेश की कला और आभूषण का प्रदर्शन किया जाएगा।

झांकी का निर्माण राष्ट्रीय रंगशाला कैम्प नई दिल्ली में किया जा रहा, जिसके निरीक्षण के लिए आज छत्तीसगढ़ से जनसंपर्क विभाग के आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा भी पहुँचे। झांकी के अवलोकन के साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ से झांकी में शामिल होने पहुँचे।

सांस्कृतिक दल के कलाकारों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया। राजपथ पर झांकी के साथ छत्तीसगढ़ के नृतक दल ककसार नृत्य का प्रदर्शन करेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण- प्रदेश मे 9.39 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित

**» सभी पात्र परिवारों को लाभान्वित करने मुख्य सचिव ने दिए निर्देश**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्थायी प्रतीक्षा सूची में कुल पात्र परिवार 18 लाख 74 हजार 334 है। इनमें से 9 लाख 39 हजार 335 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है।

मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने योजना के तहत गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक में विभागीय अधिकारियों को प्रदेश के सभी पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने बताया कि वर्ष 2022 तक सभी पात्र परिवारों को आवास प्रदाय किया जाना है।

इसके लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 में 4 लाख 67 हजार और वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4 लाख 67 हजार आवास प्रस्तावित है। इन आवासों के लिए 11 हजार 657 करोड़ रूपए की आवश्यकता होगी। इस राशि में लगभग 7 हजार करोड़ केन्द्र का और 4 हजार 600 करोड़ राज्य का अंश है। मुख्य सचिव ने बैठक में वित्त विभाग से चर्चा कर राशि उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की। बैठक में बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में एक लाख 51 हजार एक सौ आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

इसके लिए केन्द्र द्वारा प्रथम किश्त की राशि 562 करोड़ 54 लाख प्राप्त हो चुकी है। पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 में 3 लाख 48 हजार 960 आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिए केन्द्र द्वारा शत्प्रतिशत राशि प्रदाय कर दी गई है। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2016-2020 तक स्थायी प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों में से भूमिहीन परिवार की संख्या 6 हजार 876 है। इनमें से 6 हजार 423 परिवारों को भूमि उपलब्ध करा दी गई है।

## सारंगढ़ पुलिस द्वारा थीपा के जंगल में अवैध शराब निर्माण पर की गई कार्यवाही

**» महुआ लाहन की करीब 300 बोरियों को किया गया नष्ट**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2020 को शांतिपूर्ण रुप से संपन्न कराने हेतु सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के परिपालन में सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक एवं लघु अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी



क्रम में दिनांक 18.01.2020 को थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक ए.के. खान को मुखबिर से सूचना मिली कि थीपा के जंगल में कुछ लोगों द्वारा नाला के अंदर सुनसान स्थान पर महुआ लाहन पाश बोरियों से एकत्र कर



शराब निर्माण के लिए रखा गया है जिस पर थाना प्रभारी सारंगढ़ के हमराह पुलिस पार्टी द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब रेड कार्यवाही के लिए मौके पर पहुंये जहां लावारिस हालत में अवैध कच्ची महुआ निर्माण में रखा हुआ भारी मात्रा में महुआ लाहन पाश की करीब 300 बोरी को नष्ट किया गया

इतनी बोरी महुआ लाहन से करीब 1,000 लीटर अवैध महुआ शराब तैयार किया जा सकता था। उक्त अवैध कच्ची महुआ शराब निर्माण सामग्री को मौके पर सारंगढ़ पुलिस द्वारा विधिवत नष्ट किया गया है।

## राज्योत्सव 2019 में ग्रामोद्योग उत्पादो को उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिषाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर दिनांक 01 से 05 नवम्बर 2019 की अवधि में शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्योत्सव समारोह का आयोजन साईंस कॉलेज मैदान रायपुर में किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों मे ग्रामोद्योग क्षेत्र में कार्यरत बुनकर कारीगरों, हस्तशिल्पियों, माटी शिल्पियों, खादी बुनकरों तथा विभिन्न कुटीर उद्योग में संलग्न हितग्राहियों को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा उनके उत्पादों की उपभोक्ताओं में लोकप्रिय बनाकर तथा उन्हें विपणन सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से राज्योत्सव स्थल पर शिल्पग्राम का निर्माण किया गया था। शिल्पग्राम में हाथकरघा क्षेत्र में कार्यरत 38 बुनकर सहकारी समितियां विभिन्न शिल्पों के लगभग 42 हस्तशिल्पियों, 23 माटीशिल्पकारों तथा खादी ग्रामोद्योग के 08 इकाईयों द्वारा अपने उत्पादो का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया।



शिल्पग्राम में बुनकर शिल्पियों द्वारा निर्मित हाथकरघा सूती एवं कोसा वस्त्रों को लोगों द्वारा काफी सराहा गया तथा बुनकर द्वारा राज्योत्सव में 43.82 लाख रूपए के हाथकरघा वस्त्रों का विक्रय किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों के आए हस्तशिल्पियों द्वारा बेलमेटन, कास्ठ शिल्प, बांस शिल्प, गोदना, मरवाही एम्ब्रायडरी, तुम्बा शिल्प, भित्यी शिल्प, लौह शिल्प के कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्रियों का विशेष आकर्षण रहा तथा शिल्पग्राम में 20.68 लाख रूपए के हस्तशिल्प उत्पादों का विक्रय हुआ। इसी प्रकार विभिन्न जिलों से आए लगभग 23 माटीशिल्पियों द्वारा अपने शिल्प का प्रदर्शन किया गया। माटीशिल्प के बने उत्पादों के प्रति उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। राज्योत्सव में माटीशिल्पियो द्वारा लगभग 7.72 लाख रूपए के माटीशिल्प उत्पादो का विक्रय किया गया। राज्योत्सव में खादी ग्रामोद्योग द्वारा खादी वस्त्र, रेडिमेड वस्त्र, अगरबत्ती, हरबल उत्पाद, आयुर्वेदिक उत्पाद के स्टॉल लगाये गये थे, जिसमें प्रदर्शनी अवधि में 4.06 लाख रूपए के उत्पादों का विक्रय किया गया। इस प्रकार राज्योत्सव में ग्रामोद्योग विभाग द्वारा लगाये गये शिल्पग्राम में कुल 75.98 लाख रूपए के उत्पादों का विक्रय किया गया।




## कोतरारोड़ से बालिका लापता जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़ में दिनांक 18.01.2020 को 16 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट उसकी मां द्वारा दर्ज कराया गया है। बालिका की मां ने बताया कि कल दिनांक 17.01.2020 को दोनों पति के साथ काम पर गई थी। उसकी लड़की स्कूली गई थी, शाम लगभग 6.00 बजे जब दोनों पति-पत्नी वापस आये तो लड़की घर पर नहीं थी। लड़की के मोबाईल पर कॉल किये तो उसका मोबाईल बंद मिला। अज्ञात आरोपी द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के रिपोर्ट पर अप.क्र. 08/2020 धारा 363 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार' से उकेरित वस्त्रों का कलेक्शन शुरू

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार' से उकेरित वस्त्रों का कलेक्शन आज से शुरू हो गया है।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल ने विभिन्न प्रकार के वस्त्रों में बुनाई के माध्यम से राज्य गीत पर आधारित वस्त्रों के कलेक्शन का शुभारंभ कर दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ द्वारा राज्य के बुनकरों से विभिन्न प्रकार की बुनाई के माध्यम से कोसा, सूती वस्त्रों का उत्पादन कराया जाता है।

इसमें कोसा शिल्क साड़ी, रेडिमेंड जैकेट, ब्लाऊज, कुर्ती आदि की नवीन श्रृंखला जो कि राज्य गीत पर आधारित है, शुरू की गई है। इस कलेक्शन में छत्तीसगढ़ के महान कवि एवं प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय डॉ. नरेन्द्र वर्मा द्वारा रचित 'अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार' को विभिन्न प्रकार के वस्त्रों में उकेरा गया है। शुभारंभ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## गंभीर कुपोषित डेढ़ किलो का पूर्वांश- सुपोषण अभियान से अब पूरी तरह कुपोषण से मुक्त

**» नौ महीने में वजन डेढ़ किलोग्राम से बढ़कर साढ़े सात किलोग्राम पहुंचा**

**रायपुर।** बच्चे का सबसे ज्यादा ध्यान मां रखती है और मां के बिना बच्चे का पोषण बिखर जाता है। दुर्ग जिले के भिलाई-3 के बच्चे पूर्वांश के साथ भी इस अनहोनी की आशंका थी कि वो मां के बगैर कुपोषण का शिकार हो जाए। जन्म लेते ही इस बच्चे के ऊपर से माँ का साया उठ गया। जन्म के समय बच्चे का वजन मात्र डेढ़ किलो था जो गंभीर रूप से कुपोषण की श्रेणी में आता है। माँ का लालन पालन बड़ी माँ के द्वारा किया जा रहा था लेकिन माँ का दूध नहीं मिल पाने एवं पोषण संबंधी उपयुक्त जानकारी नहीं हो पाने की वजह से बड़ी मां अपनी पूरी जतन के बावजूद बच्चे के पोषण को ठीक करने की दिशा में कामयाब नहीं हो पा रही थी। बच्चे का जन्म पिछले साल एक मार्च को हुआ था। सुपोषण अभियान आरंभ होने के पश्चात भिलाई परिक्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा जंघेल को इस बच्चे की जानकारी मिली। उन्होंने घर जाकर मुलाकात की और लगातार संपर्क में रहीं और पोषण का ख्याल रखने लगी एवं बच्चे की बड़ी माँ को भी मार्गदर्शन दिया। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत लाभान्वित होने से बच्चा मध्यम कुपोषण के दायरे से बाहर आने लगा एवं उसका वजन लगातार बढ़ने लगा। इस बच्चे को अभियान के तहत चिकी, पौष्टिक आहार आदि दिया जाने लगा, साथ ही इस बच्चे को हमारी रेडी टू ईट फूड प्रदाय करने वाली महिला स्व-सहायता समूहों के व्दारा गोद लिया गया तथा इसे लगातार दलिया, अण्डा, फल, राजगीर का लड्डू, अंकुरित अनाज आदि दिया गया साथ ही साथ सेक्टर भिलाई-3 में



02 बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इस बच्चे का डाक्टर के व्दारा स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां उपलब्ध करायी गयी। इस प्रकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व रेडी टू ईट फूड प्रदाय करने वाली महिला स्व सहायता समूहों के अथक प्रयास व शिविर के लाभ से जिस बच्चे का वजन माह सितम्बर 2019 में 5.540 किलो ग्राम था तथा जो मध्यम कुपोषित में आता था, माह दिसम्बर 2019 की स्थिति में उस बच्चे का वजन 7.150 किलो ग्राम है तथा बच्चे अब कुपोषित न रहकर सामान्य की स्थिति में आ गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लगातार गृह भ्रमण से एक गंभीर कुपोषित बच्चे को सामान्य स्थिति में लाने में सफलता मिली है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480